भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
AIRPORTS AUTHORITY OF INDIA

<u>**प्रेस विज्ञप्ति**</u>

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा 30 वें वार्षिक दिवस – "अम्बर" का धूमधाम से आयोजन

नई दिल्ली, 2 अप्रैल 2025: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (भाविप्रा) द्वारा 1 अप्रैल 2025 को अपना 30वां वार्षिक दिवस नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में अति उत्साह और भव्यता के साथ मनाया गया। यह समारोह भारतीय नागर विमानन क्षेत्र में भाविप्रा की तीन दशकों की उत्कृष्ट सेवा को समर्पित किया गया ।

इस गौरवपूर्ण अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नागर विमानन मंत्रालय के सचिव श्री वुमलुनमांग वुअल्नम, भाविप्रा के अध्यक्ष श्री विपिन कुमार, भाविप्रा बोर्ड के सदस्य और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत भाविप्रा के अध्यक्ष श्री विपिन कुमार के स्वागत भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने संगठन की उपलब्धियों और 'विकसित भारत 2047' की दृष्टि के अनुरूप भारत में विमानन क्षेत्र की प्रगति में भाविप्रा की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि भारत अब घरेलू विमानन बाजार में तीसरे स्थान पर है और पिछले दशक में देश में प्रचालनात्मक हवाई अड्डों की संख्या 74 से बढ़कर 159 हो गई है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि भाविप्रा के 75 हवाई अड्डे अब 100% हरित ऊर्जा पर प्रचालित हो रहे हैं, जो सतत विकास में भाविप्रा की अग्रणी भूमिका को दर्शाता है।

उन्होंने यह भी साझा किया कि भाविप्रा द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 में ₹ 6711 करोड़ का अब तक का सर्वोच्च लाभ अर्जित किया गया है, जिसके लिए उन्होंने समस्त भाविप्रा परिवार को बधाई दी।

अपने संबोधन में माननीय मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू ने राष्ट्र निर्माण में भाविप्रा की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की और वित्तीय वर्ष 2024-29 के लिए ₹ 25,000 करोड़ के पूंजीगत व्यय योजना की घोषणा की ताकि बढ़ती विमानन मांग को पूरा किया जा सके। उन्होंने अगले पांच वर्षों में 50 नए हवाई अड्डों के विकास की भी घोषणा की, जिससे भारत की वैश्विक विमानन स्थिति और सुदृढ़ होगी।

उन्होंने आरसीएस-उड़ान, सुगम, डिजीयात्रा, और उड़ान यात्री कैफे जैसी परिवर्तनीय पहलों पर प्रकाश डाला और विमानन को अधिक सुलभ, दक्ष, समावेशी और पर्यावरण-अनुकूल बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया।

कार्यक्रम का एक प्रमुख आकर्षण प्रयागराज हवाई अड्डे की टीम का सम्मान था, जिन्होंने *महाकुंभ 2025* के दौरान हवाई अड्डे पर सफल और निर्बाध प्रचालन में उत्कृष्ट योगदान दिया। माननीय मंत्री जी द्वारा टीम की प्रतिबद्धता और कठिन परिश्रम की सराहना की गई।

इस अवसर पर *भाविप्रा कमर्शियल मैनुअल 2025* का विमोचन भी किया गया, जो भाविप्रा के वाणिज्यिक कार्यों के सरलीकरण और सेवा गुणवत्ता में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

नागर विमानन मंत्रालय के सचिव श्री वुमलुनमांग वुअल्नम ने भाविप्रा को 30 गौरवशाली वर्षों की शुभकामनाएं दीं और तकनीकी नवाचार तथा अवसंरचना के आधुनिकीकरण के माध्यम से विमानन क्षेत्र में भाविप्रा की भूमिका की सराहना की।

कार्यक्रम का सांस्कृतिक भाग भी अत्यंत मनमोहक रहा, जिसमें प्रसिद्ध *'साध्या'* नृत्य समूह द्वारा प्रस्तुत *गणेश वंदना* और आकर्षक नृत्य प्रस्तुति, पूर्वोत्तर भारत के कलाकारों द्वारा रंगारंग लोकनृत्य और अन्य शानदार प्रस्तुतियां शामिल रहीं। कार्यक्रम का समापन सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका *श्रेया घोषाल* के संगीतमय प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अंत में भाविप्रा के सदस्य (मानव संसाधन) डॉ. एच. श्रीनिवास ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए सभी गणमान्य अतिथियों, भाविप्रा कर्मचारियों और इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

तीन दशक और भविष्य में भी भाविप्रा भारत की विमानन अवसंरचना के विस्तार और आधुनिकीकरण के अपने ध्येय के प्रति प्रतिबद्ध है, ताकि यात्रियों और हितधारकों को सुरक्षित, दक्ष और विश्वस्तरीय सेवाएं प्रदान की जा सकें।

निगमित संचार निदेशालय, भाविप्रा द्वारा जारी
विस्तृत विवरण के लिए कृपया संपर्क करें: म.प्र. (नि सं) 011-24622787
प्रेस विज्ञप्ति संख्या: 01/2025-2026

श्री विपिन कुमार, अध्यक्ष, भाविप्रा, 30वें भाविप्रा वार्षिक दिवस, 2025 के अवसर पर अपना स्वागत भाषण देते हुए

माननीय नागर विमानन मंत्री श्री किंजरापु राममोहन नायडू भारत मंडपम में सभा को संबोधित करते हुए



श्री किंजरापु राममोहन नायडू, माननीय नागर विमानन मंत्री द्वारा भाविप्रा की वाणिज्यिक नियमावली, 2025 का अनावरण

पूर्वोत्तर के कलाकारों द्वारा जीवंत लोक-नृत्य प्रस्तुति

प्रसिद्ध 'साध्या' नृत्य समूह द्वारा गणेश वंदना और नृत्य प्रस्तुति

प्रसिद्ध पार्श्व गायिका
श्रेया घोषाल द्वारा एक शानदार संगीत प्रस्तुति